Date
14/4/2020

Class-IX 'व्याकरण'

1

# अनुच्छेद - लेखन

⇒ अनुच्छेद शब्द को अंग्रेज़ी में 'Paragraph' कहा जाता है। अनुच्छेद-लेखन के अन्तर्गत किसी विषय विशेष पर संक्षेप में अपने विचार व्यक्त करने होते हैं।
अच्छा अनुच्छेद लिखना भी एक कला है।
अनुच्छेद गद्य की वह विधा है जिसके अंतर्गत किसी निर्दिष्ट (निर्देश किया गया) विषय पर संक्षेप (कम शब्दों) में वे बातें कही जाती हैं जो पाठक के मन पर सीधे-सीधे प्रभाव डालें।

⇒ अच्छा अनुच्छेद लिखने के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए —

* माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अनुच्छेद-लेखन के लिए दो मानदंड तय किए हैं —

⇒ (क). अनुच्छेद अधिकतम 80 से 100 शब्दों का हो।

⇒ (ख). अनुच्छेद दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लिखा जाए।

* सामान्यतः एक पंक्ति में लगभग 10-12 शब्द आते हैं।
यदि एक पंक्ति में औसत 10 शब्द मान लें तो अनुच्छेद दस-बारह पंक्तियों से बड़ा नहीं होना चाहिए।

* अनुच्छेद लिखते समय संकेत बिंदुओं पर अपना ध्यान केंद्रित करें और उन्हीं बिंदुओं को अपने अनुच्छेद में विस्तार दें।

* अनुच्छेद लिखते समय व्याकरण के नियमों का ध्यान रखते हुए विचारों को लिखना चाहिए।

* अनुच्छेद के वाक्य छोटे-2 व प्रभावशाली होने चाहिए।

* सभी वाक्य एक दूसरे से संबंधित होने चाहिए।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Class - IX



यहाँ एक अनुच्छेद उदाहरण के रूप में दिया जा रहा है —

अनुच्छेद लेखन

शीर्षक - संयम

[संकेत बिंदु : • आधारभूत गुण • संयम का महत्व • सुरक्षा कवच ]

* संयम मानव-चरित्र का बृहत बड़ा गुण है। उत्तेजक स्थिति में भी बिना क्रोधित हुए अपना कार्य संतुलित दृष्टिकोण के साथ करते जाना मनुष्य की महानता का परिचायक है। जो मनुष्य स्वयं को संयमित नहीं रख सकता, जिसका स्वभाव उसकी इच्छा के विरुद्ध परिवर्तित होता रहता है, वह एक निर्बल व्यक्ति है और परीक्षा की घड़ी में भी वह निर्बल सिद्ध होगा। क्रोध का प्रत्येक झोंका और विचार की प्रत्येक तरंग उसे इधर-से-उधर ले जाती है और उसके लिए अपनी मंजिल पर पहुँचना कठिन हो जाता है। यदि हमारे विचार संयत हैं, हम अपनी मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित कर सकते हैं तो हम जीवन में किसी भी परिस्थिति का सामना करने में समर्थ होते हैं। संयम मनुष्य की विपत्तियों से रक्षा करता है।

⇒ उपर्युक्त उदाहरण के आधार पर दिए गए अनुच्छेद को लिखना है।

1. समय अमूल्य धन है — संकेत बिंदु → समय की महत्ता, समय जीवन तुल्य, निष्कर्ष।

2. स्वाध्याय के लाभ → संकेत बिंदु → • स्वाध्याय एक वरदान, उच्च गुणों का प्रतीक, प्रगति का सूत्र।

3. किन्हीं तीन विषयों पर अनुच्छेद-लेखन करना है— शीर्षक आप स्वयं की इच्छानुसार जो आपको उत्तम लगे वह चुन सकते हैं।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner